प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 बुधवार दिनांक 02.10.2024

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः—

1— प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज झारखंड में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान और प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान के तहत तिरासी हजार करोड़ रूपये की परियोजनाओं की आधारशिला रखी और लोकार्पण किया।

2— स्वच्छ भारत मिशन के दस वर्ष पूरे होने के अवसर पर प्रधानमंत्री ने लोगों से स्वच्छता को जीवन में अपनाने का आग्रह किया।

3— प्रधानमंत्री ने आज वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिये सूरजपुर जिले के भटगांव नगर पंचायत के लिए जल प्रदाय योजना का शिलान्यास किया।

4— देश आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है—मुख्यमंत्री ने इकतीस मार्च तक खादी वस्त्रों की खरीदी पर पच्चीस प्रतिशत की छूट की घोषणा की।

..........................................................................................

## जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज झारखंड के हजारीबाग में तिरासी हजार तीन सौ करोड़ की कई परियोजनाओं की आधारशिला रखी और लोकार्पण किया। इन परियोजनाओं में 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' और प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान के अंतर्गत आने वाले कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने चालीस एकलव्य विद्यालयों का लोकार्पण किया और पच्चीस एकलव्य्य विद्यालयों की आधारशिला भी रखी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के जनजातीय समुदाय को विकसित और सशक्त किए बिना विकसित भारत का सपना पूरा नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से पांच करोड़ से ज्यादा आदिवासी लोगों को फायदा होगा।

इधर, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज बलरामपुर जिले के राजपुर में आयोजित राज्य स्तरीय "धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान" के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने जिले में एक सौ बयानवे करोड़ रुपए से अधिक की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन, शिलान्यास और लोकार्पण किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बिलासपुर और सरगुजा संभाग में हर वर्ष कर्मा महोत्सव का आयोजन कराने की घोषणा की।

..............................................................................................

<u>प्रधानमंत्री–स्वच्छ भारत मिशन</u>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि स्वच्छता की प्रतिबद्धता जीवनभर की प्रतिज्ञा है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे स्वच्छता को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का प्रण लें। स्वच्छ भारत मिशन के दस वर्ष पूरे होने के अवसर पर आज नई दिल्ली में 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने के लिए एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों की अटूट भावना को नमन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के केवल पंद्रह दिनों में देश में सत्ताईस लाख से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें अट्ठाईस करोड़ से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें महात्मा गांधी और देश की अन्य महान हस्तियों के सपनों के भारत को सच्च्चाई में बदलने के लिए प्रेरित करता है।

श्री मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन की सफलता में सभी देशवासियों, स्वच्छता कार्यकर्ताओं, धार्मिक नेताओं, एथलीटों, मशहूर हस्तियों, और गैर सरकारी संगठनों तथा मीडियाकर्मियों के योगदान की सराहना की। श्री मोदी ने आज से शुरू की गई परियोजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे स्वच्छ भारत मिशन को नई ऊंचाई मिलेगी।

*आज के इस महत्वपूर्ण पड़ाव पर आज स्वच्छता से जुड़े करीब 10 हजार करोड रुपए के प्रोजेक्ट्स की भी शुरुआत हुई है। मिशन अमृत के तहत देश के अनेक शहरों में वाटर और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाए जाएंगे। नमामि गंगे से जुड़ा काम हो या फिर कचरे से बायोगैस पैदा करने वाले गोवर्धन प्लांट। ये काम स्वच्छ भारत मिशन को एक नई ऊंचाई पर ले जाएगा।*

.....................................................................................

मुख्यमंत्री–स्वच्छता अभियान

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान ने राज्य में जनआंदोलन का रूप ले लिया है। उन्होंने लोगों से छत्तीसगढ़ को स्वच्छ और सुंदर बनाने का आव्हान करते हुए सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थाओं और व्यक्तियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री साय ने ऑडिटोरियम में आयोजित खादी और ग्रामोद्योग विभाग की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने आज से इकतीस मार्च तक खादी वस्त्रों की खरीदी पर पच्चीस प्रतिशत की छूट दिए जाने की घोषणा की।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह आज राजनांदगांव में और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव जगदलपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

वहीं, रायपुर रेलमंडल में आज मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने अधिकारियों–कर्मचारियों के साथ मिलकर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में श्रमदान किया।

.....................................................................................

प्रधानमंत्री–जल प्रदाय योजना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले के भटगांव नगर पंचायत के लिए लगभग संतावन करोड़ रुपए की लागत की जल प्रदाय योजना का शिलान्यास किया। इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरुण साव वर्चुअली शामिल हुए। अमृत मिशन के तहत स्वीकृत इस जल प्रदाय योजना का काम अगले दो वर्षों में पूरा किया जाएगा।

इस अवसर पर श्री साव ने कहा कि जल प्रदाय योजना के शुरू होने से भटगांव के लोगों की पेयजल की समस्या दूर होगी। उन्होंने कहा कि योजना के तहत महान नदी के पानी को साफ कर घरों तक पहुंचाया

जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को उच्च गुणवत्ता के साथ समय–सीमा में योजना से जुड़े सभी निर्माण कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए।

..........................................................................................

गांधी/शास्त्री–जयंती

देश आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। नई दिल्ली स्थित राजघाट में महात्मा गांधी की समाधि और विजयघाट स्थित लालबहादुर शास्त्री की समाधि पर आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इधर, राजधानी रायपुर सहित छत्तीसगढ़ में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायुर स्थित अपने निवास कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

वहीं, मुख्यमंत्री ने राजधानी के आजाद चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया और लोगों को स्वच्छता का संकल्प दिलाया।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने आज बिलासपुर कलेक्टोरेट परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास़्त्री की जयंती पर उन्हें भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

वहीं, छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर में विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा और सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। इस मौके पर विधानसभा सचिव ने अधिकारियों–कर्मचारियों को 'स्वच्छता की शपथ' भी दिलाई।

..........................................................................................

पुलिस विभाग–आयु छूट

राज्य में पुलिस के पदों पर भर्ती के लिए अभ्यर्थियों को आयु सीमा में पांच साल की छूट दी जाएगी। इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। यह छूट सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग और प्लाटून कमांडर के पद पर नियुक्ति के लिए भर्ती प्रक्रिया वर्ष दो हजार चौबीस में केवल एक बार के लिए दी गई है। इसके अनुसार निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट दी जाएगी, लेकिन सभी छूटों को मिलाकर अधिकतम आयु सीमा पैंतालीस वर्ष से अधिक नहीं होगी।

........................................................................................

कांग्रेस–न्याय यात्रा समापन

प्रदेश कांग्रेस द्वारा निकाली गई छह दिवसीय 'छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा' का आज रायपुर के गांधी मैदान में समापन हो गया। यह यात्रा सत्ताईस सितंबर को गिरौदपुरी धाम से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में शुरू हुई थी। न्याय यात्रा के समापन अवसर पर आज गांधी मैदान में एक आमसभा का आयोजन किया गया, जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव और छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट शामिल हुए।

आमसभा को संबोधित करते हुए दीपक बैज ने प्रदेश में कानून व्यवस्था बिगड़ने का आरोप लगाते हुए इसके लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए पार्टी के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया।

आमसभा को छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव और पार्टी के अन्य नेताओं ने संबोधित किया।

........................................................................................

शारदीय नवरात्रि

शक्ति की आराधना का पर्व शारदीय नवरात्रि कल से शुरू हो रहा है। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न देवी मंदिरों में नौ दिनों तक विशेष पूजा–अर्चना की जाएगी। देवी मंदिरों और शक्तिपीठों में मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना भी की जाएगी। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के विभिन्न देवी मंदिरों में आकर्षक साज–सज्जा की जा रही है।

इस बीच, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने नवरात्रि के दौरान प्रदेश के प्रमुख चिन्हांकित स्थलों पर स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं।

..........................................................................................

<u>संक्षिप्त समाचार</u>
<u>और अब कुछ खबरें संक्षेप में–</u>

– राज्य शासन ने भारतीय पुलिस सेवा के वर्ष उन्नीस सौ बयानवे बैच के अधिकारी पवन देव को पुलिस महानिदेशक के पद पर पदोन्नत किया है। इस संबंध में गृह विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

– कबीरधाम जिले के सत्तर स्कूलों में स्मार्ट क्लास की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके तहत उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज कवर्धा के स्वामी करपात्री स्कूल में पहले अत्याधुनिक स्मार्ट क्लास सिक्यूलेशन टेक्निक का शुभारंभ किया।

– उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बिलासपुर कलेक्टोरेट में गार्डन और टाउन–हॉल के जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में आयोजित दाण्डी यात्रा की आदमकद प्रतिमाओं का भी अनावरण किया।

– विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के तहत आज काछन गादी की रस्म अदा की जा रही है।

– श्रम विभाग द्वारा श्रम के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य वाले व्यक्ति या संस्था से स्वर्गीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्मृति श्रम यशस्वी पुरस्कार के लिए दस अक्टूबर तक आवेदन मंगाए गए हैं।

– राजधानी रायपुर की पुरानी बस्ती पुलिस ने गांजा तस्करी के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उसके पास से चालीस किलो गांजा बरामद किया है। जब्त गांजे की कीमत करीब साढ़े बारह लाख रूपये बताई गई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>